<u>समाचार</u>

आयुक्त ने किया निर्माण कार्यो का निरीक्षण, तेजी लाने दिए निर्देश

कोरबा 02 मार्च 2019 –आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने आज पी.एम.ए.वाई. योजनांतर्गत बी.एल.सी. घटक के तहत निर्मित कराए जा रहे आवासगृहों की कार्यप्रगति का विभिन्न स्थलों पर पहुंचकर निरीक्षण किया, निर्माण कार्यो की गुणवत्ता को परखा तथा कार्यो में और अधिक तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने हितग्राहियों से भेंट कर चर्चा की, हितग्राहियों ने कार्य के प्रति अपनी संतुष्टि जाहिर की।

यहां उल्लेखनीय है कि पी.एम.ए.वाई. योजनांतर्गत बी.एल.सी. घटक के तहत नगर पालिक निगम कोरबा के विभिन्न स्थलों में वर्तमान में 330 आवासगृहों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जबकि ए.एच.पी.घटक के तहत 481 आवासगृहों का निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। आज आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने शहर के विभिन्न स्थानों का दौरा कर पी.एम.ए.वाई. के कार्यो का निरीक्षण किया, योजना के नोडल अधिकारी व कार्यपालन अभियंता श्री अरूण कुमार शर्मा तथा अन्य अभियंताओं के साथ आयुक्त श्री दुबे ने राताखार, तुलसीनगर, वार्ड क्र. 04 में ईदगाह के पास आदि क्षेत्रों का दौरा कर वहां पर बी.एल.सी. घटक के तहत हितग्राहियों द्वारा निर्मित कराए जा रहे आवासगृहों की कार्यप्रगति का सघन निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होने निर्माण कार्य की गुणवत्ता को परखा तथा कार्यो में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए। आयुक्त श्री दुबे ने बी.एल.सी.घटक के हितग्राहियों से भेंटकर उनसे आवश्यक चर्चा की, हितग्राहियों ने चर्चा के दौरान कार्य के प्रति संतुष्टि जाहिर की तथा अधिकारियों से पूरा सहयोग मिलने की बात कही।

भ्रमण के दौरान निगम के कार्यपालन अभियंता व नोडल अधिकारी अरूण कुमार शर्मा के साथ–साथ पार्षद विकास अग्रवाल, रवि चंदेल, उप अभियंता आकाश अग्रवाल तथा सी.एल.टी.सी. व पी.एम.सी. टीम के सदस्यगण उपस्थित थे।

साफ–सफाई कार्यो का किया निरीक्षण – भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री दुबे ने तुलसीनगर, राताखार, दर्री रोड, पुराना बस स्टैण्ड क्षेत्र व पुराने कोरबा शहर, टी.पी.नगर क्षेत्र में साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होने स्वच्छता विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि साफ–सफाई कार्यो का संपादन नियमित रूप से निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित करें, सफाई कार्य के दौरान उत्सर्जित अपशिष्ट कार्य स्थल पर देर तक न पड़ा रहे, उस अपशिष्ट का तुरंत उठाव व परिवहन कर निर्धारित स्थानों में ले जाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें, उन्होने स्पष्ट रूप से कहा कि साफ–सफाई कार्यो में लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही होगी।